Class - IV
Subject - HINDI
पाठ – 3 बकरी का इलाज़

1. शब्दार्थ :–

हकीम	–	यूनानी दवाइयों से इलाज करने वाला
ऐंठना	–	मुफ्त
इलाज	–	उपचार
चल बसना	–	मर जाना
चरवाहा	–	भेड़–बकरियाँ चराने वाला
दुर्भाग्य	–	बुरा समय
विवशता	–	मज़बूरी

मौखिक

2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए।

क. यह कहानी किस गाँव की है?

उत्तर यह कहानी साँपला नामक गाँव की है।

ख. हकीम द्वारा दवा देने पर भी बकरी कैसे मर गई?

उत्तर हकीम द्वारा दवा देने पर भी बकरी मर गई क्योंकि हकीम जानवरों का डॉक्टर नहीं था और उसने बकरी को गलत दवा दे दीं थीं।

ग. सरपंच ने मामला कैसे सुलझाया?

उत्तर सरपंच ने मामला अपनी चतुराई से हकीम को उसकी ही बातों में उलझाकर सुलझाया।

लिखित

3. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क. विद्याधर हकीम के पास क्यों गया?

उत्तर विद्याधर हकीम के पास अपनी बकरी के इलाज के लिए गया।

ख. हकीम किस स्वभाव का व्यक्ति था?

उत्तर हकीम लालची स्वभाव का व्यक्ति था।

ग. हकीम ने विद्याधर के सामने क्या शर्त रखी?

उत्तर हकीम ने विद्याधर के सामने शर्त रखी, "मैं इलाज के पूरे पैसे लूँगा, चाहे बकरी ठीक हो या मर जाए।"

घ. सारा मामला पंचायत में क्यों गया?

उत्तर सारा मामला पंचायत में गया क्योंकि बकरी के मरने पर विद्याधर तथा हकीम में पैसे को लेकर कहा–सुनी होने लगी थीं।

4. मूल्यपरक प्रश्न

प्रश्न सरपंच के द्वारा किया गया फैसला उचित था या अनुचित? अपने उत्तर का कारण भी बताइए।

उत्तर सरपंच के द्वारा किया गया फैसला उचित था क्योंकि सरपंच को पता चल गया था कि हकीम विद्याधर से बेईमानी करके पैसा ऐंठना चाहता है। सरपंच ने सच का साथ देते हुए विद्याधर का पक्ष लिया।

5. सही वाक्य के आगे सत्य और गलत वाक्य के आगे असत्य लिखिए।

क.	हकीम लालची था।	सत्य
ख.	हकीम द्वारा दवाई पिलाने के बाद बकरी थोड़ी ठीक हुई।	असत्य
ग.	विद्याधर समझदार नहीं था।	सत्य
घ.	पंचायत के मुखिया को सरपंच कहते हैं।	सत्य
ङ	सरपंच हकीम को अच्छी तरह से नहीं जानते थे।	असत्य

6. कहानी के अनुसार वाक्यों के आगे उचित क्रम संख्या लिखिए।

हकीम ने बकरी को दवा पिला दी।	2
विद्याधर की बकरी बीमार पड़ गई।	1
सरपंच ने कहा वह फ़ीस माफ़ कर दे लेकिन हकीम नहीं माना।	5
बकरी मरने के बाद विद्याधर ने रूपये देने से मना कर दिया।	4
दुर्भाग्य से बकरी आगे दिन ही मर गई।	3

7. सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए।

क.	हरियाणा राज्य के एक <u>जिले</u> का नाम है, रोहतक।	(जिले / गाँव)
ख.	हकीम <u>लालची</u> था।	(ईमानदार / लालची)
ग.	<u>बकरी</u> रात में ही चल बसी।	(बकरी / भेड़)
घ.	<u>चरवाहा</u> भेड़–बकरियाँ चराता था।	(किसान / चरवाहा)

8. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए –

क. पंचायत के मुखिया को क्या कहते हैं?

सरपंच सचिव विधायक

उत्तर सरपंच

ख. चरवाहे का नाम क्या था?

विद्याधन विद्यासागर विद्याधर

उत्तर विद्याधर

ग. विद्याधर बकरी को लेकर किसके पास गया?

डॉक्टर वैद्य हकीम

उत्तर हकीम

घ. हकीम ने विद्याधर से कितने रूपये माँगे?

तीन सौ दो सौ चार सौ